प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में आज दो दिवसीय दौरे पर रांची आएगी चुनाव आयोग की टीम, विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पहले दिन कई बैठकें ।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज खूंटी में पार्टी की दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की करेंगे शुरुआत।
- झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई दिग्गज नेताओं का आज झारखंड दौरा,गढ़वा से राज्य सरकार करेगी मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत।
- राज्य के 823 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई जेएसएससी –सीजीएल 23 की परीक्षा, हजारीबाग में दो अभ्यर्थियों द्वारा लगाए गये आरोप पाए गए निराधार।
- शतरंज ओलिंपियाड में भारत ने रचा इतिहास, पुरुष और महिला टीमों ने पहली बार स्वर्ण पदक जीते।

****

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत के निर्वाचन आयोग की एक टीम आज से रांची के दो दिन के दौरे पर रहेगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व वाली टीम पहले दिन रांची में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि आयोग की टीम कल मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और सभी 24 जिलों के चुनाव अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ तैयारियों की समीक्षा करेगी।

****

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज खूंटी जिले के कचहरी मैदान से पार्टी की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे।

****

झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई दिग्गज नेता आज झारखंड दौरे पर आएंगे। प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी जमशेदपुर के बहरागोड़ा में पार्टी की परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आज लातेहार के जिला खेल स्टेडियम में पार्टी की जनहुंकार रैली को संबोधित करेंगे। सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर गढ़वा जिले के उंटारी रोड में आयोजित परिवर्तन यात्रा महासभा में शामिल होंगे। इधर गढ़वा जिले से राज्य सरकार मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत करेगी।

****

जामताड़ा जिले में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी जा रही

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और

फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रवासी भारतीयों को राष्ट्र–दूत बताते हुए कहा है कि वे हमेशा देश के सबसे मजबूत ब्रांड एंबेसेडर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बीती रात न्यू यॉर्क में लांग आइलैंड के नसाऊ कोलेसियम में बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत अवसरों की भूमि है।
प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकसित भारत बनाने के लिए पुष्प मंत्र दिया।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 21 और 22 सितंबर को 823 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 कदाचार मुक्त और शांतिपूर्वक आयोजित हुई। इधर हजारीबाग में दो अभ्यर्थियों द्वारा लगाए गये आरोप निराधार पाए गए हैं । हजारीबाग जिले में जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा के कथित प्रश्नपत्र के सील खुली होने की जांच रिपोर्ट महज 7 घंटे के अंदर केंद्र अधीक्षक ने उपायुक्त नैंसी सहाय को सौंप दी है।

****

भारत ने हंगरी के बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड–2024 में ऐतिहासिक दोहरे स्वर्ण पदक जीते हैं। पुरुष और महिला दोनों टीमें शीर्ष पर रहीं।

****

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने दो दिन परीक्षा के कारण इंटरनेट सेवा बाधित होने और उससे प्रभावित जनजीवन की खबर को सुर्खी बनाई है। इसके अलावा चुनावी गतिविधियों की खबर को भी पहले पन्ने पर जगह दी है
प्रभात खबर ने लिखा है–रविवार को तीन बार बैठी खंडपीठ, सभी इंटरनेट सेवा बंद करने पर लगी फटकार।
दैनिक जागरण ने लिखा है– हाईकोर्ट ने कहा – बिना अनुमति इंटरनेट सेवा बंद नहीं करे सरकार।
दैनिक भास्कर ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है – नमस्ते यूएस, न्यूयॉर्क के लॉन्ग आईलैंड में प्रधानमंत्री मोदी ने 15 हजार से अधिक प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया।
निर्वाचन आयोग की टीम आज झारखंड में....शीर्षक के साथ हिंदुस्तान ने इस खबर को पहले पेज पर जगह दी है।
इधर अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र नोदी के अमेरिका दौरे की खबर को पहली सुर्खी बनायी है।

****